

जिस तरह फूल पौधों के उचित विकास के लिए समय समय पर काट छांट जरूरी है ठीक उसी तरह बच्चों को उचित बात सिखाने के लिए समय समय पर डांट जरूरी है! -रश्मि प्रभा

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

लखनऊ महानगर

लखनऊ, मंगलवार, 3 फरवरी 2026

## लखनऊ के प्रमुख समाचार


- पार्षद और पुलिस में नोंकझोंक, पांच घंटे चला हंगामा II
- गोप्पो में बंगालियों ने सुनाए लखनऊ में बसने के किस्से III
- हरियाणा को रौंद यूपी करम ने किया जीत से आगाज IV


## शहर में आज



- एलडीए की ओर से सीजी सिटी स्थित वेटलैंड पर बर्ड वॉचिंग कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं और सोवेनियर शॉप का उद्घाटन- 7:00 बजे।
- बलरामपुर अस्पताल अस्पताल में स्थापना दिवस पर समारोह का आयोजन- 9:00 बजे से।
- बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान में पृथ्वी परतों में मौजूद चुंबकीय तत्वों पर कार्यशाला- 10:00 बजे से।
- प्रेस क्लब में जनतंत्र और मतदान का अधिकार विषय पर संगोष्ठी- 4:00 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

## सिटी ब्रीफ

### लखनऊ रहा प्रदेश में सबसे गर्म

**अमृत विचार, लखनऊ:** दिन के बाद अब रात में भी गर्मी बढ़ गई है। सोमवार को राजधानी का न्यूनतम तापमान करीब 6 डिग्री बढ़कर 13 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 4 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। वहीं अधिकतम तापमान भी दो डिग्री बढ़कर 26.3 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक था। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को राजधानी का तापमान प्रदेश में सबसे अधिक रिकार्ड किया गया। मंगलवार को राजधानी और आस-पास कहीं-कहीं बादल छाये रहेंगे और छिटपुट बारिश का अनुमान है। मौसम विभाग ने मध्यम से घने कोहरे की चेतावनी जारी की है।

### अतिक्रमणमुक्त कराई 6 करोड़ की जमीन

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगर निगम ने सोमवार को सदर तहसील के ग्राम मखदूमपुर में 6 करोड़ की सरकारी जमीन अतिक्रमणमुक्त कराई। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि ग्राम मखदूमपुर स्थित खसरा संख्या 227 क्षेत्रफल .038 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेखों में कब्रिस्तान के खाते में दर्ज है। उक्त भूमि पर अस्थायी अवैध कब्जे की शिकायत पर नगर निगम एवं तहसील सदर की संयुक्त टीम ने गोमती नगर विस्तार थानाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध कराये गए पुलिस बल एवं पीएसी बल के सहयोग से जेसीबी से अस्थायी अवैध निर्माण और कब्जे हटा दिए।

### नगर आयुक्त ने लिया कूड़ा कलेक्शन का फीडबैक

**अमृत विचार, लखनऊ:** नगर आयुक्त गौरव कुमार ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 की तैयारियों को लेकर सोमवार को नगर निगम जोन 6 के दो वार्डों का निरीक्षण किया। उन्होंने आचार्य नरेंद्र देव वार्ड के नेपियर कॉलोनी, चौपटिया एवं नवाजगंज क्षेत्रों का भ्रमण कर कूड़ा कलेक्शन की स्थिति जानने के लिए स्थानीय नागरिकों से फीडबैक लिया। सराय माली खां स्थित सार्वजनिक शौचालय की मरम्मत के लिए नगर आयुक्त ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए। खाली प्लॉटों में जमा कूड़े के ढेरों को डीप क्लीनिंग कराने। आशापुरम क्षेत्र में नाले की सफाई, आवश्यक स्थानों पर नाले को कवर कराने तथा नाले के ऊपर अतिक्रमण हटाने के लिए जोनल अधिकारी को सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण में जोनल अधिकारी अमरजीत यादव भी साथ रहे।



लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में नारे लगाते छात्र। अमृत विचार

# वायवा में नंबर के सवाल पर लखनऊ विश्वविद्यालय में बवाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- छात्रों ने लगाया मनमाने तरीके से नंबर देने का आरोप
- मूट कोर्ट की एक भी कक्षा न चलने पर जताई नाराजगी

**अमृत विचार:** वायवा में नंबर देने में पक्षपात का आरोप लगाकर विधि छात्रों ने सोमवार को लखनऊ विश्वविद्यालय में बवाल कर दिया। संकाय सदस्यों पर मनमानी करने का आरोप लगा जमकर नारेबाजी की। छात्रों की नाराजगी देख डीन समेत प्राक्टोरियल बोर्ड के सदस्य पहुंचे और समझाया, लेकिन छात्रों की नाराजगी दूर नहीं हुई। छात्रों ने अपनी मांगों को लेकर कुलपति के नाम ज्ञापन विश्वविद्यालय प्रशासन को सौंपा।

छात्रों ने आरोप लगाया कि मूट कोर्ट से संबंधित कक्षा और शिक्षक सभी सेक्शन को अलॉट किया गए थे, लेकिन एक भी कक्षा नहीं चली। इसके अलावा इंटर्नशिप के लिए अधिवक्ता अलॉट किए गए थे। एडवोकेट्स ने एक भी न कक्षा ली और न ही छात्रों को हाईकोर्ट बुलाया गया। संकाय की ओर से वायवा के लिए चार पैनल बनाए गए थे। जिसमें किसी पैनल में अधिक अंक दिए गए, कुछ पैनल में बिना किसी आधार के नंबर काटे गए हैं। प्राइवेट संस्थानों में नंबर बांटे जा रहे हैं। मनमानी रवैया अपनाकर छात्रों को निजी कॉलेजों की तरफ जाने पर मजबूर किया जा रहा है। छात्र नेता अनुराग काकरण का कहना है कि इससे विश्वविद्यालय की छवि को नुकसान पहुंच रहा है। हमारी मांग है कि इस प्रकरण की जांच कराई जाए और छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ न किया जाए।

### टॉपरों को भी 10 से 12 ही नंबर दिए

- प्रदर्शनकारी छात्र सत्यम और राकेश ने बताया कि 30 जनवरी को एलएलबी तृतीय वर्ष का परिणाम घोषित किया गया है। जिसे देखकर हैरानी होती है, छात्रों को बहुत कम अंक दिए गए हैं। कई छात्र जो टॉपर है उन्हें भी 100 में महज 10 या 12 नंबर दिए गए हैं। एक अन्य छात्र ने बताया कि विश्वविद्याल कैंपस के छात्रों को कम जबकि बाहरी छात्रों को अधिक नंबर देने का खेल किया गया है। दूसरी तरफ विश्वविद्यालय ने परिणाम जारी कर दिया है और किसी भी संशोधन से इंकार कर रहा है। ऐसे में हमारे साथ न्याय नहीं हुआ तो आंदोलन आगे भी किया जाएगा। छात्रों की मांग है कि सभी का नंबर नॉर्मलाइज करके दुबारा रिजल्ट जारी किया जाए या नए पैनल बना के वायवा दोबारा कराया जाए।




उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास के बाहर प्रदर्शन करते अभ्यर्थी।

### अभ्यर्थियों ने घेरा उप मुख्यमंत्री का आवास

- **अमृत विचार, लखनऊ:** 69 हजार शिक्षक भर्ती में शामिल आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने सोमवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के आवास का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। पुलिस ने सभी को धरने से उठाकर बस से इको गार्डेन भेज दिया। नेतृत्व कर रहे अमरेंद्र पटेल ने आरोप लगाया कि हाईकोर्ट के फैसले के बाद सरकार ने मामले को जानबूझ कर लटका दिया। मामला अब सुप्रीम कोर्ट में है। सरकार हाईकोर्ट डबल बेंच के फैसले का पालन करके सबके साथ न्याय कर सकती थी। प्रदर्शन में अभ्यर्थी विक्रम यादव, अमित मौर्या, अनिल, धनंजय, अनिल कुमार, मो. इरशाद, राहुल मौर्या, उमाकांत मौर्या, शिव मौर्या, अर्चना मौर्या, कल्पना और शशि पटेल आदि शामिल रहे।

# नगर निगम करेगा बेनामी संपत्तियों की नीलामी

## कुर्की नोटिस के बाद भी वर्षों से जमा नहीं कर रहे गृहकर

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- सभी जोनल कार्यालयों से मांगी गई संपत्तियों की रिपोर्ट
- शहर में 300 से अधिक संपत्तियां होने का अनुमान

**अमृत विचार :** जिन बेनामी संपत्तियों का गृहकर नहीं मिल रहा है, उन्हें नगर निगम नीलाम कराएगा। इसके लिए कर विभाग ने सभी जोनल अधिकारियों से ऐसी संपत्तियों की रिपोर्ट मांगी है। इन संपत्तियों को कुर्क कराने के लिए वर्षों पहले नोटिस जारी किए गए थे, इसके बावजूद गृहकर जमा नहीं किया जा रहा है। नीलामी से पहले नोटिस जारी करके आपत्ति मांगी जाएगी, आपत्ति न आने पर नीलामी कराई जाएगी। शहर में ऐसी 300 से अधिक संपत्तियां होने का अनुमान है।

दरअसल नगर निगम कई वर्षों से लाखों रुपये गृहकर बकाये पर भवन स्वामियों को नोटिस भेजता है। ऐसे कई मामले हैं, जिनमें भवन स्वामी की या तो मृत्यु हो चुकी है या मौके पर नहीं मिलता है। इससे इन भवनों की कुर्की नोटिस जारी होने के बाद भी हाउस टैक्स जमा नहीं होता है। ऐसी संपत्तियों पर कोई दावा नहीं करता है। नगर निगम मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय कुमार राय ने बताया कि ऐसी संपत्तियों पर नोटिस जारी करके नीलामी की कार्रवाई की जाएगी।



गेट पर ताला बंद होने के बाद कॉलेज के बाहर खड़ी छात्राएं। अमृत विचार

### कॉलेज में अंदर चल रही थी परीक्षा, गृहकर बकाए पर नगर निगम ने गेट पर लगाया ताला

- **अमृत विचार, लखनऊ:** शहर के नवयुग डिग्री कॉलेज में सुबह छात्राएं परीक्षा दे रही थीं और शिक्षिकाएं ड्यूटी पर थीं। इस दौरान नगर निगम जोन-2 की टीम ने गृहकर बकाया होने के चलते कॉलेज के गेट पर ताला लगाकर सील कर दिया। कई छात्राएं गेट पर ताला देखकर परेशान हो गईं। नगर निगम अधिकारियों का दावा है कि, कॉलेज प्रशासन के फोन करने पर कुछ देर बाद ताला खोल दिया गया। जोनल अधिकारी संजय यादव ने बताया कि नवयुग डिग्री कॉलेज पर करीब 24 लाख रुपये गृहकर बकाया है। इसके चलते वह (जोनल अधिकारी) राजस्व निरीक्षकों के साथ सुबह करीब 7 बजे कॉलेज पहुंचे थे। चूंकि कई बार नोटिस के बाद भी कॉलेज प्रबंधन ने धनराशि जमा नहीं कराई, इसलिए कॉलेज सील कर दिया गया। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय कुमार राय ने बताया कि बकाया गृहकर पर कॉलेज प्रबंधन की आपत्ति पर सुनवाई के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। डिग्री कॉलेज भारतीय जनता पार्टी के एक नेता का बताया जा रहा है।

### इन 10 बिंदुओं मांगी गई रिपोर्ट

- भवन स्वामी से भवन के संबंध में मांगी गई सूचना (धारा 222)
- सूचना न देने पर तैयार मूल पत्रावली एवं बिल का 213 का नोटिस
- भवन स्वामी द्वारा नगर निगम हाउस टैक्स के प्रति दी गई आपत्ति पत्र
- यदि आपत्ति आई है तो उसपर क्या निर्णय हुआ उसका पत्र
- निर्णय के बाद भेजे गए बिल पूर्ण सूचना सहित
- भुगतान न करने की स्थिति में मांग की नोटिस
- भुगतान न करने पर समाचार पत्रों में प्रकाशन की सूचना
- भुगतान न होने पर जोनल अधिकारी द्वारा जारी कुर्की व सीलिंग का पत्र
- कार्यवाही की फोटो संलग्न होना जरूरी है।
- नीलामी के आदेश की कॉपी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी कार्यालय से जारी होगी

### दूषित पानी और सीवर पर आज हो सकता है संग्राम

- **अमृत विचार, लखनऊ:** शहर में दूषित पानी और सीवर लीकेज सहित अन्य समस्याओं पर महापौर मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में पार्षदों संग बैठक करेंगी। जिसमें जल निगम, जलकल विभाग सहित नगर निगम के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। 3 जनवरी को हुई नगर निगम सदन की सामान्य बैठक में पार्षदों ने शहर में दूषित पेयजल और सीवर का मुद्दा उठाते हुए जलकल के अधिकारियों को घेरा था।



तमाम कोशिशों और डायवर्जन के बावजूद शहर के लोगों को जाम की समस्या से राहत नहीं मिल पा रही है। रोज प्रमुख चौराहों और सड़कों पर लोगों को जाम से जूझना पड़ता है। सोमवार को हजरतगंज स्थित हलवासिया चौराहे पर भी जाम लगने से वाहन चालक परेशान रहे। अमृत विचार

### बिजली बिल में 10 फीसद बढ़ोतरी पर मांगा जवाब

- **अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में फरवरी में बिजली बिल में करीब 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी को लेकर विवाद बढ़ गया है। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने यूपीपीसीएल को नोटिस जारी कर बढ़ोतरी के आकलन पर सवाल खड़े कर पावर कॉरपोरेशन से सात दिन में जवाब मांगा है। नियामक आयोग का कहना है कि फरवरी के बिजली बिल में 10 प्रतिशत वृद्धि का जो आकलन किया गया है, वह साफ और पारदर्शी नहीं है। आयोग ने सवाल उठाया है कि जब जनवरी महीने में ईंधन खरीद यानी फ्यूल कॉस्ट में कोई अतिरिक्त खर्च नहीं आया, तो फरवरी में अचानक बिजली बिल में इतना बड़ा इजाफा कैसे कर दिया गया। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि बिजली बिल बढ़ोतरी के पीछे जो भी कारण बताए जा रहे हैं, उन्हें ठोस तथ्यों, नियमों और दस्तावेजों के साथ सामने रखा जाना चाहिए।

### लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर को पहला अनुबंध आवंटित

- **लखनऊ, एजेंसी:** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूपीएमआरसी) ने सोमवार को कहा कि उसने लखनऊ मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के लिए निर्माण से जुड़ा पहला परामर्श अनुबंध आयशा इंजीनियरिया आर्किटेक्चर एवं आयशा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त उद्यम को दिया है। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, यूपीएमआरसी ने लखनऊ मेट्रो लाइन-2 के डिजाइन परामर्श अनुबंध के लिए 'आयशा' फर्म को सबसे कम बोली लगाने वाला बोलीदाता घोषित किया गया। लखनऊ मेट्रो फेज 1बी परियोजना के तहत आयशा की 15.90 करोड़ रुपये की बोली के आधार पर इस अनुबंध की सिफारिश की गई थी। लखनऊ मेट्रो की लाइन-2 परियोजना के अंतर्गत चारबाग रेलवे स्टेशन से वसंत कुंज तक पुराने लखनऊ के रास्ते 11.165 किमी लंबी लाइन-2 का निर्माण शामिल है, जिसमें 12 स्टेशन होंगे। इस परियोजना को भारत सरकार द्वारा अगस्त 2025 में 5801 करोड़ रूपये की अनुमानित कुल लागत के साथ निर्माण के लिए मंजूरी दी गई थी। फेज 1बी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के मुताबिक, लखनऊ की लाइन-2 के एलिवेटेड खंड की लंबाई 4.28 किमी होगी जबकि भूमिगत खंड की लंबाई 6.87 किमी होगी।

# अग्रणीय संस्थानों में शुमार कराएंगे अटल विवि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कार्यभार ग्रहण करने के बाद बोले- विवि के नए कुलपति मेजर जनरल डॉ. अमित देवगन

**अमृत विचार :** मेजर जनरल डॉ. अमित देवगन ने सोमवार को अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यवाहक कुलपति एवं केजीएमयू के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव मिश्रा से उन्हें कार्यभार सौंपा। डॉ. देवगन ने अटल विवि को शैक्षणिक गुणवत्ता और प्रशासनिक दक्षता के मामले में देश के अग्रणी संस्थानों में शामिल कराने की बात कही।

सेना के शोध, शिक्षण और प्रबंधन संस्थानों में लंबे अनुभव वाले डॉ. देवगन ऑपरेशन सिंदूर के दौरान मेडिकल व्यवस्था के प्रमुख थे। उनका प्रशासनिक और रणनीतिक अनुभव विश्वविद्यालय के लिए अहम माना जा रहा है। नए कुलपति के सामने विश्वविद्यालय को पटरी पर लाने की बड़ी जिम्मेदारी है। प्रदेश के मेडिकल, डेंटल, नर्सिंग और पैरामेडिकल कॉलेजों को संबद्धता देने के उद्देश्य से स्थापित इस विश्वविद्यालय से वर्तमान में 65 मेडिकल, 16 डेंटल, 279 नर्सिंग और 47 पैरामेडिकल कॉलेज जुड़े हुए हैं।

इसके बावजूद शैक्षणिक सत्र अव्यवस्थित है। विश्वविद्यालय में अभी तक एक भी अधिकारी या कर्मचारी नियमित नहीं है। कॉलेजों के मानकों की जांच के लिए निरीक्षण प्रक्रिया ठप पड़ी है। परीक्षा संचालन और उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए नियुक्त कंपनी को लगभग 10 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है, लेकिन कंपनी अधूरा काम छोड़कर चली गई। हैरानी की बात यह है कि अब तक संबंधित कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। डॉ. संजीव मिश्रा अपने मूल संस्थान केजीएमयू लौट आए हैं, जहां उन्होंने सोमवार को सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग में पुनः कार्यभार संभाल लिया। उनके लौटने से केजीएमयू में कैंसर मरीजों को राहत मिलने और इलाज के इंतजार की अवधि घटने की उम्मीद है।



मेजर जनरल डॉ. अमित देवगन का स्वागत करते डॉ. संजीव मिश्रा और अन्य।

एनबीआरआई

महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी ने किया वाटिका का शुभारंभ

# पावन पथ और भैरव एन्क्लेव में देश की दुर्लभ वनस्पतियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एनबीआरआई की ओर से तैयार भैरव वाटिका में प्रत्येक राज्य के राजकीय पेड़-पौधों के साथ विलुप्त हो रही दुर्लभ प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। यहां 400 से अधिक हर्बेरियम अलमारियों में क्यूआर-आधारित टैगिंग के माध्यम से पेड़-पौधों की विस्तृत जानकारी तुरंत प्राप्त की जा सकती है। वाटिका का सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी ने सोमवार को वाटिका का शुभारंभ किया।

बनथरा स्थित महर्षि पराशर जैव-संसाधन केंद्र में बनाए गए 'पावन पथ' में प्रकृति सराहना हेतु पौध एवं सहवर्ती वनस्पतियां, विभव एन्क्लेव में संकटग्रस्त वनस्पतियां और 'भैरव एन्क्लेव' में राज्य पौध उद्यान सहित प्रमुख जैव-विविधता व संरक्षण सुविधाएं की शुरू की गई हैं। पावन पथ विभिन्न क्षेत्रों की दुर्लभ एवं संकटग्रस्त वनस्पति प्रजातियों को उनके संबंधित क्षेत्रों में प्रदर्शित करता है। इसी प्रकार भैरव एन्क्लेव प्रत्येक राज्य के राजकीय पौधों और महत्वपूर्ण वनस्पतियों का संग्रह होगा। ये अपने आप में देश में किया गया वनस्पतियों का अनूठा प्रयोग है। कार्यक्रम में सीएसआईआर-एनबीआरआई के निदेशक डॉ. एके शासनी और सीमैप के निदेशक डॉ. प्रबोध त्रिवेदी भी मौजूद रहे।




पावन पथ और 'भैरव एन्क्लेव का शुभारंभ करतीं सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन. कलैसेल्वी, साथ में अन्य।

### एनबीआरआई ने इन प्रौद्योगिकियों का किया हस्तांतरण

- कपास उत्पादन वृद्धि एवं पुरुष प्रजनन स्वास्थ्य सुधार हेतु स्वदेशी रूप से विकसित दो प्रौद्योगिकियों का हस्तांतरण किया गया है। इसके अलावा पांच औषधीय घटकों से युक्त एक पादप-आधारित हर्बल सप्लीमेंट भी विकसित किया गया है। जो पुरुषों में एरोमाटेज एंजाइम के प्रभावी अवरोधन के साथ टेस्टोस्टेरोन स्तर में वृद्धि पाई गई, जबकि इन-विवो अध्ययनों में बिना किसी प्रतिकूल प्रभाव के टेस्टोस्टेरोन में सांख्यिकीय रूप से महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई।

## वित्तीय अनियमितता में वरिष्ठ महिला बाबू का डिमोशन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीएमओ कार्यालय में कार्यरत वरिष्ठ सहायक रेखा तोमर को वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में कनिष्ठ पद पर तैनात कर दिया गया है। निदेशक प्रशासन ने आदेश जारी करते हुए उन्हें किसी भी संवेदनशील या वित्तीय कार्य से दूर रखने का निर्देश दिया है। जुलाई 2019 से जुलाई 2021 तक रानीलक्ष्मीबाई संयुक्त अस्पताल में कार्यरत रेखा तोमर को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और यूजर चार्जेज के तहत 7,92,358 रुपये कोषागार में जमा करना था। जांच में सामने आया कि उन्होंने मात्र 3,14,600 रुपये जमा किए, शेष राशि ब्याज सहित बकाया है। अपर निदेशक देवीपाटन मंडल की 113 पन्नों की जांच रिपोर्ट में रेखा को दोषी ठहराया गया है।

# ट्रांसपोर्ट नगर हादसे में नहीं हुई वित्तीय क्षति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एलडीए ने शासन को भेजी जांच रिपोर्ट, हुई थी आठ लोगों की मौत

**अमृत विचार :** शासन ने 24 सितंबर 2024 को ट्रांसपोर्ट नगर में बिल्डिंग गिरने से विभागीय वित्तीय क्षति की लखनऊ विकास प्राधिकरण से रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट न देने पर जवाब-तलब किया था। अब यह रिपोर्ट प्राधिकरण ने शासन को भेज दी है। रिपोर्ट में वित्तीय क्षति न होना दर्शाया गया है। अब शासन इस मामले पर फैसला लेगा। पूर्व में दोषी पाए गए अवर अभियंता समेत तीन पर कार्रवाई हो सकती है। इनके नाम, पद, कार्यकाल आदि रिपोर्ट के साथ पहले ही भेजा चुका है।

ट्रांसपोर्ट नगर हादसे की शासन स्तर से गठित उच्च स्तरीय कमेटी ने जांच की थी। इसमें प्रवर्तन के संबंधित अधिकारी और कर्मचारी की लापरवाही सामने आई थी। जिनकी अनदेखी कहें या संरक्षण में बिल्डिंग बनकर तैयार हुई और गिरने से आठ लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए थे। भवन निर्माण में भी अनदेखी की गई। इसकी जांच उपाध्यक्ष ने अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी से कराई थी। जांच में भूखंड संख्या सी 54 और 54 एक ही दिन आवंटित होना, एक ही दिन दोनों के मानचित्र स्वीकृत स्वीकृत होना पाया था। दोनों भूखंडों को मिलाकर बिल्डिंग बनाई गई थी, जो धराशायी हो गई। हादसे में भवन निर्माण मानचित्र के विपरीत और गुणवत्ता भी कमजोर मिली थी। स्ट्रक्चर की जांच मलबा के नमूने लेकर गुजरात की नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी की टीम ने की थी।

## सिटी ब्रीफ

### कंपनी का डाटा चोरी एफआईआर दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : एलडीए कॉलोनी स्थित कलर पेपर्स इंडिया प्रा. लि. कंपनी में कार्यरत कर्मचारी और उसके रिश्तेदार द्वारा कंपनी का गोपनीय डाटा चोरी किए जाने का मामला सामने आया है। प्रोजेक्ट हेड के अनुसार उन्नाव निवासी अजीत कुमार सिंह, जो कंपनी में कर्मचारी था, ने नई दिल्ली निवासी अपने रिश्तेदार मनीष कुमार यादव के साथ मिलकर साजिश रची। आरोप है कि अजीत कुमार सिंह ने नौकरी के दौरान ही 'पात्म शिवा' नाम से अपनी फर्म बनाकर व्यापार शुरू कर दिया, जबकि मनीष कुमार यादव 'पीटीएस रॉयल फैशन' नाम से फर्म संचालित कर रहा है। जांच में सामने आया कि दोनों फर्मों को अमेजन जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत कराया गया, जिसके लिए कंपनी से चोरी किए गए क्लाइंट डाटा, व्यापारिक जानकारी और दस्तावेजों का इस्तेमाल किया गया। इससे कंपनी की बिक्री प्रभावित हुई और उसे आर्थिक क्षति पहुंची। इंस्पेक्टर कृष्णानगर पीके सिंह के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### अकाउंट हैक कर अभद्रता, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरानगर थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने पड़ोसी परिवार पर अपने नाबालिग बेटे का सोशल मीडिया अकाउंट हैक कर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। इंदिरानगर के अमराई गांव में महिला परिवार समेत रहती है। परिवार में 16 वर्षीय बेटा भी है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले परिवार की युवती ने उसके बेटे का स्नैपचैट और इंस्टाग्राम आईडी हैक कर ली और अकाउंट का दुरुपयोग करने लगी। पासवर्ड वापस देने बदले में किशोर से आपत्तिजनक डिमांड करने लगी। 29 सितंबर को इस संबंध में बातचीत कर मामले को सुलझाने का प्रयास किया। इस दौरान पड़ोसियों ने उनके साथ मारपीट की और कपड़े फाड़ दिये। पड़ोसी ने उनके बेटे के साथ भी मारपीट की। इसकी शिकायत थाने में की गई। पर, पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पड़ोसियों ने बाद में किशोर के खिलाफ छेड़छाड़ की रिपोर्ट दर्ज करा दी। पीड़िता ने कोर्ट में गुहार लगाई। कोर्ट के आदेश पर इंदिरानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### गांजा बेचने की शिकायत पर दो गुटों में मारपीट

अमृत विचार, लखनऊ : तालकटोरा थाना क्षेत्र के गाजी हैदर कैनाल, राजाजीपुरम में गांजा बेचने की शिकायत को लेकर दो गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई। गाजी हैदर कैनाल निवासी मालती यादव के अनुसार रविवार शाम करीब 4:30 बजे मोहल्ले में शोर सुनाई दिया। बाहर निकलने पर देखा कि संजय आर्यन, सोनू, मोनू, फैजल और 5–6 अज्ञात लोग उनके बेटे ईशू यादव, अभिषेक कश्यप और अभिषेक रावत को गिराकर ईंट व लोहे की रॉड से पीट रहे थे। इसी दौरान ईशू के सिर पर ईंट लगने से वह लहूलुहान होकर बेहोश हो गया। आरोप है कि हमलावर उसे मरा समझकर घर पर पथराव कर फरार हो गए। गंभीर हालत में ईशू को पहले रानी लक्ष्मीबाई अस्पताल और फिर ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। वहीं दूसरे पक्ष के मोनू गौतम ने बताया कि गांजा बेचने का विरोध और पुलिस में शिकायत करने को लेकर उनके भाई सोनू पर हमला किया गया। गाली–गलौज और मारपीट में सोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। इंस्पेक्टर तालकटोरा कुलदीप दुबे के अनुसार दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बंद मकान से लाखों के जेवरात चोरी

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा के लालनगर खेड़ा चौराहा के पास एक बंद मकान से चोरों ने लाखों रुपये के जेवर व नकदी साफ कर दिये। पीड़िता ने सफाईकर्मी पर संदेह जाहिर करते हुए दुबग्गा थाने में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर दुबग्गा श्रीकांत राय ने बताया कि पीड़िता महिला लालनगर खेड़ा निवासी सलमा खान ने तहरीर दी। जिसके अनुसार 30 जनवरी की रात वह अपने नवासे की जन्मदिन पार्टी में परिवार सहित हजरतगंज स्थित एक होटल गई थीं। देर रात करीब 12 बजे घर लौटने पर खिड़की का पर्दा हटा हुआ दिखा, लेकिन उस समय किसी अनहोनी की आशंका नहीं हुई। अगले दिन 1 फरवरी को जब वह अपने भाई के यहां पारिवारिक कार्यक्रम में जाने की तैयारी कर रही थीं। तभी अलमारी खोलने पर अंदर का लॉकर टूटा मिला। लॉकर में रखे कीमती जेवरात गायब थे। पीड़िता के अनुसार चोरी गए जेवर में लगभग 100 ग्राम की चार सोने की चूड़ियां, 120 ग्राम के 10 सोने के कड़े, भारी वजन का हार सेट, कई जेवर शामिल हैं। सलमा खान ने सफाई का काम करने वाला अनूप पर संदेह जाहिर किया है।

# पार्षद और पुलिस में नोंकझोंक, पांच घंटे चला हंगामा

## कोर्ट के आदेश पर खाली कराया गया मकान, पार्षद बोले एकतरफा कार्रवाई, पार्षद को हिरासत में लेने के बाद समर्थकों ने थाना घेरा

- पार्षद समर्थकों ने किया पथराव पुलिस ने फटकारी लाठी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



गाजीपुर थाने पर पार्षद के समर्थकों की भीड़। अमृत विचार

**अमृत विचार:** कोर्ट के आदेश पर खाली कराये गये मकान को एक तरफ कार्रवाई बताकर दो दिन से पार्षद धरने पर बैठे हैं। इस मामले में पार्षद व पुलिस के बीच सोमवार को नोंकझोंक हो गई। पुलिस के मुताबिक डीएम से मुलाकात के बाद भी बात नहीं बनी तो पार्षद समर्थकों ने पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने नियंत्रित करने के लिए लाठियां फटकारी। वहीं, पार्षद को हिरासत में ले लिया। अभी पुलिस पार्षद को थाने लेकर पहुंची ही थी कि समर्थकों ने थाना घेर लिया। पार्षद के समर्थकों का कहना है कि पुलिस अभद्रता की। सिपाही से भिड़ गये। उसकी वर्दी तक फाड़ दी। आरोप है कि पार्षद को घसीटकर थाने ले गई। नाराज सैकड़ो समर्थक थाने पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। देर शाम शांतिभंग का चालान करने के बाद पार्षद को छोड़ दिया गया। इसके बाद स्थिति को काबू किया जा सका।

एसीपी अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया गाजीपुर के बस्तौली गांव में मेन रोड पर 1350 स्क्वायर फिट मकान को लेकर बाराबंकी के जितेंद्र मोहन सिंह और वहीं के रहने वाले रामू वाल्मीकि के बीच कोर्ट में केस चल रहा था। मकान में रामचंद्र और उनके परिवार के लोग सालों से रहते थे। कोर्ट ने मोहन के पक्ष में फैसला सुनाया। कोर्ट के आदेश पर पिछले वर्ष 31 मई को पुलिस कब्जा कटवाने गई लेकिन विरोध के चलते कब्जा नहीं छूट पाया। इस पर जितेंद्र मोहन ने वकील के माध्यम से सीपी, एसीपी और थाना प्रभारी कंटेंट ऑफ कोर्ट भेज दिया। 31 जनवरी को अमीन की मौजूदगी में पुलिस बल का इस्तेमाल कर मकान खाली करवा दिया और मकान में ताला लगाकर चाबी जितेंद्र मोहन को सौंप दी। इसके बाद लवकुशनगर से सपा पार्षद सुरेंद्र वाल्मीकि, रामचंद्र, उनके बेटे अरुण, पार्षद समर्थक राजेंश, महेंद्र, शनि, स्वाति समेत और कब्जा करने वाले परिवार से जुड़े अन्य लोग धरने पर बैठ गए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए उन्हें समझाया लेकिन वह नहीं माने। तीन दिन धरने के बाद सोमवार को डीएम से मुलाकात हुई। कोर्ट का आदेश होने की वजह से कोई राहत नहीं मिली। बवाल बढ़ता देख इंदिरानगर, विकासनगर, चिनहट, विभूतिखंड समेत करीब 10 थानों का पुलिस बल पीएसी मौके पर बुलाई गई।

### ताला तोड़ा, पुलिस से की अभद्रता

- पुलिस के मुताबिक डीएम से मुलाकात के बाद भी राहत न मिलने से नाराज समर्थकों व परिवार के लोगों ने जबरन ताला तोड़ दिया। समझाने पर परिवार उग्र हो गया और पथराव के साथ ही पुलिस से मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान कई पुलिसकर्मियों की वर्दी फट गई। इस पर पुलिस ने बल का प्रयोग करते हुए पार्षद सहित 6 लोगों को हिरासत में ले लिया।

### सभी का शांतिभंग में चालान

- हंगामा होते ही पुलिस ने पार्षद सुरेंद्र वाल्मीकि के साथ 5 समर्थकों को हिरासत में लेकर गाजीपुर थाने पहुंच गई। जानकारी होते ही आक्रोशित सैकड़ों लोग थाने पहुंच गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। पुलिस ने सुरक्षा को देखते हुए आसपास के थानों से और बल बुला लिया। इसके बाद मौके पर एडीसीपी ईस्ट पहुंचे और लोगों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। सभी का शांतिभंग में चालान किया गया।



पार्षद से बात करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

## रिटायर्ड फौजी के मकान पर कब्जा करने का प्रयास

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई के चरण भट्टा रोड स्थित नरसिंह कालोनी में रिटायर्ड फौजी श्रीकांत तिवारी मकान बनवा रहे हैं। उनके मकान पर दबंगों ने कब्जा कर बेचने का प्रयास किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित ने पीजीआई थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है।

निलमथा में शकुरपुर निवासी रिटायर फौजी श्रीकांत तिवारी पीजीआई के चरण भट्टा रोड़ स्थित नरसिंह कॉलोनी में मकान बनवा रहे हैं। आरोप है कि शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे सतगुरूपुरम के पंकज मिश्रा और ओंकारनाथ दुबे वहां पहुंचे और प्लॉट अन्य व्यक्ति को दिखाकर बेचने की बात करने लगे। श्रीकांत तिवारी ने इसका विरोध किया तो दोनों ने उनके साथ गाली गलौज शुरू कर दी। धक्का मुक्की करने लगे। इस दौरान वे जमीन पर गिर पड़े। उनका घुटना गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीजीआई इंस्पेक्टर धीरेंद्र सिंह के मुताबिक, रविवार को रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## हिंसपा के अध्यक्ष को जान से मारने की धमकी, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाका के दुर्विजयगंज निवासी हिन्दू समाज पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष गौरव गोस्वामी को युवक ने जान से मारने की धमकी दी। हिंदू समाज पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष गौरव गोस्वामी ने बताया कि रविवार को अपने परिचित आयुष शर्मा, सरोजनाथ और किरन संग घर में बैठे थे। तभी दोपहर करीब साढ़े तीन बजे उनके मोबाइल फोन पर किसी अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने उन्हें अपना नाम नसरुद्दीन बताते हुए गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने उन्हें मार देने की धमकी दी। यह सुनकर वह घबरा गए और फोन को काट दिया। पीड़ित ने फौरान घटना की जानकारी नाका पुलिस को दी। नाका इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है।

## दुबग्गा के निजी अस्पताल की लापरवाही से किसान की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन ने कहा, इलाज के नाम पर 7 लाख रुपये वसूले गए

**अमृत विचार :** दुबग्गा के इटौली गांव निवासी 36 वर्षीय किसान गंगाराम यादव की दुबग्गा के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हुई लापरवाही से मौत हो गई। परिजन का कहना है कि इलाज के नाम पर 7 लाख रुपये की वसूली भी की गई। हालत गंभीर होने पर रेफर किया गया। परिजन ने शिकायत दर्ज कराने की बात कही है।

परिजनों के अनुसार 16 जनवरी को उनके पैर में दर्द और पस बनने के कारण उन्हें दुबग्गा के विकल्प अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के लिए परिजन जेवर बेचकर और ब्याज पर रकम लेकर इलाज करवा रहे थे। लगभग 15 दिन बाद हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उन्हें अन्य अस्पताल भेजने की सलाह दी। इसके बाद परिजन मेदांता अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान रविवार शाम को उनकी मृत्यु हो गई।

मृतक के परिवार में पत्नी रंजना और बेटियां सृष्टि एवं मिष्टी हैं। इंस्पेक्टर श्रीकांत राय ने बताया कि अभी तक परिजनों की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है, लेकिन तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। नर्सिंग होम के नोडल अफसर डॉ. एपी सिंह ने कहा कि शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराई जाएगी और आरोप सही पाए जाने पर अस्पताल पर रोक लगाई जाएगी।

## शादी का कार्ड बांटने निकले युवक को डंपर ने रौंदा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीबीडी के किसान पथ पर हुआ हादसा, ममेरा भाई घायल, ट्रामा में चल रहा इलाज
- पुलिस ने चालक को दबोचा डंपर जब्त

**अमृत विचार:** बीबीडी इलाके में स्थित किसान पथ पर आनंदी वाटर पार्क के पास बेकाबू डंपर ने बाइक सवार युवकों को रौंद दिया। हादसे में बाइक चला रहे गोपी कुमार (30) की मौत हो गई। वहीं उसका ममेरा भाई गोविंदा गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया। जहां हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस ने चालक को पकड़ा और डंपर को जब्त कर लिया है।

गुडंम्बा के श्रीकृष्णा पुरवा में राधे लाल परिवार के साथ रहते हैं। राधे लाल ने बताया कि उनके भतीजे गोपी की शादी 13 फरवरी को है। 9 फरवरी को तिलक होना था। वह इसी का कार्ड बांटने के लिए रविवार देर शाम अपने ममेरे भाई गोविंदा के साथ जा रहा था। दोनों लोग किसान पथ आनंदी वाटर पार्क के पास पहुंचे थे कि पीछे से तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोर की थी दोनों बाइक से छिटककर सड़क पर जा गिरे। हादसा देखकर राहगीर एकत्र हो गए। इस बीच किसी ने पुलिस कंट्रोल रूम पर हादसे की सूचना कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को ट्रामा सेंटर ले गयी। जहां डॉक्टरों ने गोपी को मृत घोषित कर दिया और घायल गोविंद को भर्ती कर लिया। इंस्पेक्टर राम सिंह ने बताया कि डंपर कब्जे में चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### ट्रक चालक को बेकाबू वाहन ने मारी टक्कर, मौत

- अमृत विचार, लखनऊ : बीबीडी के किसान पथ पर नरेंदी गांव के पास रविवार देर रात 8.30 बजे बेकाबू वाहन ने ट्रक चालक सुरेंद्र कुमार सिंह (38) को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रुप से घायल चालक को अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के वक्त वह ट्रक में फंसी गिट्टी निकाल रहा था। पुलिस वाहन की तलाश में जुटी है। बिहार के छपरा इलाके में सुरेन्द्र कुमार सिंह ट्रक चलाकर अपने परिवार पालते थे। वह घर के पास ही रहने वाले अपने दोस्त पप्पू राय के साथ मुजफ्फरपुर से दिल्ली के लिए ट्रक से निकाला था। रविवार को ट्रक लेकर कानपुर की ओर किसान पथ के रास्ते जा रहे थे। रास्ते में उनके टायरों से आवाज आने लगी। रात करीब 8:30 बजे सुरेन्द्र ने बीबीडी स्थित नरेंदी गांव के पास किसान पथ पर साइड में ट्रक को रोका। वह टायरों को चेक करने लगे। दोस्त पप्पू के मुताबिक सुरेन्द्र को दो टायरों के बीच में गिट्टी फंसी दिखी। वह गिट्टी निकालने का प्रयास करने लगे। इसी बीच एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। वह टक्कर से काफी दूर सड़क पर जा गिरे। दोस्त ने इस संबंध में पुलिस और पीड़ित परिजन को सूचना दी। कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोस्त ने पुलिस की मदद से सुरेन्द्र को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी होने पर भाई वीरेंद्र व परिजन लखनऊ पहुंच गये। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को सुपुर्द कर दिया है। वीरेंद्र ने बताया कि परिवार में पत्नी सोनी व बेटा सौरभ है। पुलिस के मुताबिक दोस्त पप्पू राय ने बताया कि सुरेंद्र टायर से गिट्टी निकाल रहे थे उसी समय एक डंपर काफी तेज रफ्तार से निकला था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## भाजपा विधायक के भतीजे ने फंदा लगाकर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोंडा के मेहनौन विधानसभा भाजपा विधायक विनय कुमार द्विवेदी के भतीजे शिवम त्रिपाठी (30) ने फंदा लगाकर जान दे दी। उनका शव फ्लैट में चादर के फंदे से पंखे से लटका हुआ मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।



शिवम त्रिपाठी

मूलतः बलरामपुर के सादुलनगर घोरीपुर बिरवा निवासी शिवम त्रिपाठी सुशांत गोल्फ सिटी के रिशिता मैनहट्टन अपार्टमेंट के टॉवर नंबरघ्-12 में किराये पर रहते थे। एक फरवरी की शाम मकान मालिक किसी काम से फ्लैट पर पहुंचे। कई बार दरवाजा खटखटाने के बाद भी जब अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली, तो सिक्योरिटी गार्ड की मदद से दरवाजा तोड़ा गया। अंदर प्रवेश करने पर शिवम का शव फंदे से लटका हुआ मिला। पुलिस के मुताबिक, घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। परिजन के मुताबिक शिवम प्रॉपर्टी के कारोबार से जुड़े थे और पैसों के विवाद के कारण लंबे समय से तनाव में थे। शिवम के परिवार में उनके पिता राजेश त्रिपाठी, मां और छोटा भाई प्रखर शामिल हैं। परिवार के कुछ सदस्य पहले राजनीतिक रूप से भी सक्रिय रह चुके हैं। परिवार ने स्पष्ट किया है कि वे जल्द ही सुशांत गोल्फ सिटी थाने में लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराएंगे।

## जमीन नामांतरण के नाम पर 61.50 लाख की ठगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डीसीपी के आदेश पर बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज, पुलिस कर रही जांच
- बिजनौर के ग्राम मल्ली और कल्ली परशियान में खरीदी थी जमीन

**अमृत विचार:** वृंदावन योजना निवासी 75 वर्षीय बुजुर्ग रमाकांत तिवारी से जालसाज संजय कुमार तिवारी ने जमीन नामांतरण कराने के नाम पर 61.50 लाख रुपये ठग लिये। पीड़ित के मुताबिक सरोजनीनगर उपविभागीय मजिस्ट्रेट कार्यालय व राजस्व विभाग में अच्छी पकड़ बताकर जालसाज ने ठगी की। पीड़ित ने इसकी शिकायत डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल से की। उनके आदेश पर बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पीजीआई के वृंदावन योजना निवासी बुजुर्ग रमाकांत तिवारी ने ग्राम मल्ली और कल्ली परशियान स्थित अपनी कृषि भूमि के नामांतरण/विभाजन के लिए उप-विभागीय मजिस्ट्रेट, सरोजिनी नगर के समक्ष आवेदन किया था। इसी दौरान उनकी मुलाकात संजय कुमार तिवारी से हुई। संजय ने राजस्व विभाग में प्रभाव होने का दावा करते हुए तहसील रिपोर्ट और राजस्व कार्य कराने का भरोसा दिलाया।

आरोपी के बार-बार आश्वासन देने पर 31 लाख रुपये नकद और 30.50 लाख रुपये यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के खाते में ट्रांसफर किये। इसके बाद भी आरोपी ने काम नहीं कराया। दिये गये रुपये को निजी कार्यों में खर्च कर दिये। पैरवी न होने के कारण उनका राजस्व आवेदन खारिज हो गया। रमाकांत तिवारी के मुताबिक जब रकम वापस मांगी तो आरोपी ने धमकी दी। रुपये वापस देने से साफ मना कर दिया। पीड़ित ने थाने में शिकायत की। जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़ित ने डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल से मिलकर शिकायत की। उन्होंने मामले की जांच कराई। जांच कराने के बाद रिपोर्ट दर्ज करने का आदेश दिया। इंस्पेक्टर बिजनौर कपिल गौतम के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### भू-माफिया ने फर्जीवाड़ा कर बेच दी करोड़ों की जमीन

अमृत विचार, लखनऊ : बस्ती निवासी ओम शंकर यादव ने भू–माफिया बदरे आलम खान और उसके आधा दर्जन सहयोगियों के खिलाफ बिजनौर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप है कि उनके भांजे और प्रॉपर्टी कारोबारी कमलेश यादव का वर्ष 2018 में अपहरण कर हत्या कराई गई। इसके बाद सरकारी नीलामी में खरीदी गई करोड़ों रुपये की जमीन को फर्जी तरीके से अपने नाम कराकर बेच दिया गया। विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। ओम शंकर यादव के अनुसार कमलेश यादव का शव आगरा–लखनऊ एक्सप्रेसवे के पास यमुना नदी किनारे फेंका गया था। आरोप है कि इस हत्या में बदरे आलम खान और उसके साथियों की भूमिका रही। हत्या के बाद आरोपियों ने सरोजनीनगर के सेवईं इलाके में स्थित तीन बीघा जमीन, जो कमलेश ने सरकारी नीलामी में खरीदी थी, फर्जी दस्तावेज तैयार कर अपने नाम करा ली। बाद में इस जमीन के करीब 50 भूखंड बनाकर उन्हें बेच दिया गया। निर्माण कार्य शुरू होने पर फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ। पीड़ित का कहना है कि फर्जी कमलेश यादव को खड़ा कर रजिस्ट्री कराई गई। पुलिस कमिश्नर के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

## डेढ़ लाख लिया, पकड़ाया जाली वीजा और पासपोर्ट

**अमृत विचार, लखनऊ :** सऊदी अरब का वीजा दिलवाने और पासपोर्ट बनवाने के नाम पर बेरोजगार से जालसाज ने डेढ़ लाख रुपये ठग लिये। दुबग्गा के मौरा इलाके में अच्छन रहने हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि गांव के ही आदित्य गौतम ने आजमगढ़ निवासी आरोपित मो.जावेद से मुलाकात कराई थी। आरोपित की ट्रैवल्स एजेंसी है। पीड़ित ने आरोपी से सऊदी में नौकरी के लिए बात की थी। जिसके बाद पीड़ित ने आरोपी को पासपोर्ट और वीजा के लिए 1,50,000 रुपये दिए थे। कई दिनों बाद आरोपी ने पीडित को मिलने के लिए बुलाया। पीड़ित को पासपोर्ट और वीजा थमा दिया। पीड़ित पासपोर्ट और वीजा लेकर एयरपोर्ट लेकर पहुंचा। एयरपोर्ट पर पीड़ित को बताया गया कि पासपोर्ट और वीजा फर्जी है।



कोर्स समापन परेड की समीक्षा करते लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह।

## सेना को मिले 123 अधिकारी, सीखी लेटेस्ट टेक्नोलॉजी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स- 255 के सफल समापन पर सोमवार को छावनी स्थित ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज, आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज में कोर्स समापन परेड कराई गई। नौ हफ्ते के इस कोर्स में युवा आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल और डेंटल ऑफिसर्स को इंटेंसिव कॉम्बैट मेडिकल सपोर्ट ट्रेनिंग दी गई। ऑफिसर्स ने ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट प्रोवाइडर कोर्स में भी हिस्सा लिया। उन्हें लेटेस्ट टेक्नोलॉजी सिखाई गई जो आज की पीढ़ी के युद्धों को आकार दे रही हैं। इस पाठ्यक्रम में त्रिसेवा प्रतिनिधित्व वाली 32 महिला अधिकारियों समेत 123 अधिकारी शामिल रहे। परेड सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित की गई। कोर्स समापन परेड की समीक्षा सेना चिकित्सा कोर केंद्र एवं कॉलेज के कमांडेंट, ओआईसी रिकॉर्ड्स और एएमसी के कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल शिवेंद्र सिंह ने की।

## कक्षा-4 के छात्र को अगवा करने का प्रयास

**अमृत विचार, लखनऊ :** कृष्णानगर में रविवार शाम को बाइक सवार दो बदमाशों ने कक्षा-4 के छात्र ईवान (11) को अगवा करने का प्रयास किया। घटना देर शाम करीब 6.45 बजे पंडित खेड़ा स्थत द्वारिकापुरी कालोनी की है। छात्र ने पीछे बैठे बदमाश के हाथ में काट लिया। इसके बाद चलती बाइक से कूदकर भाग निकला। छात्र के पिता ने थाने में दी है। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। पंड़ितखेड़ा स्थित द्वारिकापुरी कॉलोनी निवासी वीरेंद्र कुमार शर्मा केंद्रीय विद्यालय हरदोई में क्लर्क हैं। परिवार में पत्नी नीतू और बेटा ईवान (11) है। बेटा रविवार शाम पेंसिल लेकर वहां से लौट रहा था। तभी पीछे से एक बाइक सवार दो लोग आए और छात्र का मुंह दबाकर उसे जबरन बाइक में बैठा लिया।

एफआईआर दर्ज | 1987 में पत्नी के साथ संयुक्त रूप से खोला था लॉकर, दे रहे थे किराया

## बैंक प्रबंधक व कर्मचारियों ने लॉकर तोड़ हड़पे 48 लाख के जेवर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बिना सूचना के बैंक अधिकारियों व कर्मचारियों ने लॉकर तोड़ जेवर गायब कर दिये
- कोर्ट के आदेश पर बैंक प्रबंधक व कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार:** ठाकुरगंज के गढ़ी पीर खान निवासी 80 वर्षीय राम प्यारे श्रीवास्तव ने पंजाब नेशनल बैंक के शाखा प्रबंधक और कर्मचारियों पर लॉकर तोड़कर जेवर लूटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की तो वरिष्ठ नागरिक ने न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में अर्जी डाली। कोर्ट के आदेश पर ठाकुरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

ठाकुरगंज के गढ़ी पीर खान निवासी राम प्यारे श्रीवास्तव के मुताबिक वर्ष 1987 में उनके नाम से बैंक में लॉकर नंबर 72 खोला गया था। जिसमें परिवार की पुश्तैनी ज्वैलरी रखी गई थी। सरकारी सेवा के दौरान बाहर रहने के कारण लॉकर लंबे समय तक ऑपरेट नहीं हो सका, हालांकि किराया खाते से ऑटो डेबिट होता रहा। आरोप है कि 21 जून 2024 को जब वह बैंक पहुंचे तो शाखा प्रबंधक ने बताया कि लॉकर अस्तित्व में नहीं है। इससे वह सदमे में आ गए। बाद में बैंक ने बताया कि लॉकर तोड़कर सामान दूसरे लॉकर में रख दिया गया और फिर किसी अन्य ग्राहक को आवंटित कर दिया गया। बैंक द्वारा मात्र 55 हजार रुपये खाते में जमा कर मामला खत्म करने का प्रयास किया गया।

### बैंक अधिकारियों ने कहा धर्म-कर्म करो

- पीड़ित का आरोप है कि बैंक से पूछताछ करने पर अधिकारियों ने संवेदनहीनता का परिचय दिया। कहा कि इस बुढ़ापे में धर्म–कर्म करों, खजाने–खोजने में लगे हो जो गया समझो वह तुम्हारा नहीं था, जिसने लिया होगा भगवान उसके हक का तुम्हारे माध्यम से भेजा होगा... समझना चोरी हो गयी, बाढ़ में बह गया, नियम से किराये का सौ गुणा तो दे रहे है.... अब क्या बैंक का खजाना दे दे, 80 साल में भी मोह–माया के बंधन में बधे है, आज के बाद यहां मत आना वरना उल्टे सरकारी काम में बाधा डालने के जुर्म में जेल भेज देंगे।

### कर्मचारियों व अधिकारियों ने तोड़े लॉकर

- वरिष्ठ नागरिक का आरोप है कि बैंक कर्मचारियों ने मिलीभगत से लॉकर तोड़कर करीब 48 लाख रुपये मूल्य के जेवर लूट लिया। इसके बाद उनको गुमराह कर रहे हैं। पीड़ित ने इस संबंध में स्थानीय थाने, डीसीपी पश्चिम और पुलिस आयुक्त से शिकायत की। पर, कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित ने इस मामले में कोर्ट में अर्जी डाली। कोर्ट के आदेश पर ठाकुरगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है।

## सिटी ब्रीफ

### शब-ए-बरात आज, रोशनी से जगमगाएंगे कब्रिस्तान

**अमृत विचार, लखनऊ :** शब-ए-बरात की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मंगलवार को श्रद्धा के साथ यह त्योहार मनाया जाएगा। सभी कब्रिस्तानों में कच्ची कब्रों पर मिट्टी चढ़ाकर उस पर चूनेकारी कर दी गई है। पक्की कब्रों को धोकर चमका दिया गया है। शब-ए-बरात को लोग अपने अजीजों की कब्रों पर फातिहा पढ़ने जाएंगे। कब्रों को फूलों से सजाया जाएगा। कब्रों पर मोमबत्तियां रौशन की जाएंगी। अगरबत्तियां जलाई जायेंगी। कब्रिस्तानों और कर्बलाओं को रौशनी से सजाया जा रहा है। शब-ए-बरात को गुनाहों से माफी की रात कहा जाता है। लोग अपने अजीजों के हक़ में दुआ करेंगे। तरह-तरह के हलुओं पर नज़्र दी जाएगी। गरीबों के बीच भोजन वितरण किया जाएगा।

### डॉ. अशोक अज्ञानी को मिला मित्र स्मृति अवधी सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लक्ष्मण प्रसाद मित्र सेवा संस्थान की ओर से सोमवार को उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में अवधी के प्रख्यात साहित्यकार लक्ष्मण प्रसाद मित्र की स्मृति में अवधी के मौलिक रचनाकार और शोधकर्ता डॉ. अशोक अज्ञानी को मित्र स्मृति अवधी सम्मान- 2026 से सम्मानित किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि डॉ. अर्जुन पाण्डेय, मनोरमा साहू, अजय साहू और डॉ. राम बहादुर मिश्र ने डॉ. अशोक अज्ञानी को पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और ग्यारह हजार रुपये भेंट कर मित्र स्मृति अवधी सम्मान से अलंकृत किया।

### खाटू धाम को रवाना हुए 210 भक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती तट स्थित खाटू श्याम मन्दिर की संस्था श्याम परिवार की ओर से फाल्गुन उत्सव के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 210 श्याम भक्त सोमवार को राजस्थान स्थित खाटू श्याम धाम रवाना हुए। इस अवसर पर विधायक डॉ. नीरज बोरा ने हरी झंडी दिखाकर भक्तों को रवाना किया। समिति के महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि विगत वर्षों तरह से इस वर्ष भी श्याम भक्तों को फाल्गुन उत्सव में ले जाया जा रहा है। सोमवार को गोमतीनगर स्टेशन से ट्रेन के माध्यम से 210 भक्त राजस्थान स्थित खाटू धाम पहुंचेंगे, फिर वहां से रिंगस से निशान ध्वज उठाकर खाटू धाम में भक्तों द्वारा चढ़ाया जाएगा, दूसरे दिन भजन संध्या का आयोजन होगा। 5 फरवरी को लखनऊ वापसी की जाएगी।

### निवेदिता श्री ने किया विभूतियों का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** शारदेय प्रकाशन के स्थापना दिवस पर निवेदिता श्री ने कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें डॉ. बलवंत सिंह को कृष्णा श्री सम्मान, प्रगति शंकर को शारदेय श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान, इला शर्मा को शारदेय श्रेष्ठ छात्र सम्मान दिया गया। इस दौरान शिप्रा चतुर्वेदी की अनुवाद पुस्तक जर्मन लोक कथा, काव्य कंचन और निवेदिता श्री की पुस्ताक दशमेश पिता गुरु गोविन्द सिंह का लोकार्पण भी किया गया। अध्यक्षता कर रहे गीतकार डॉ. धनंजय सिंह और मुख्य अतिथि डॉ. विश्वम्भर शुक्ल ने कविता पाठ भी किया। विशिष्ट अतिथि आकाशवाणी लखनऊ की पूर्व कार्यक्रम प्रमुख मीनू खरे रहीं। स्वर्णिका कीर्ति, सौरभ अवस्थी, सुरभि सिंह, मंजुल मंजर लखनवी, मुकेश मिश्र, विपिन मलिहाबादी, और डॉ. बलवंत सिंह ने यहां काव्य पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन अलका प्रमोद और निवेदिता श्री ने किया। अंत में सारे जहां से अच्छा... वंदेमातरम् और राष्ट्रगान गाया गया।

# गोप्पो में बंगालियों ने सुनाए लखनऊ में बसने के किस्से

## महिंद्रा सनतकदा लखनऊ फेस्टिवल में उलू गान व शंखनाद से हुई गोप्पो की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** महिंद्रा सनतकदा लखनऊ फेस्टिवल में पांचवें दिन राजा रामपाल सिंह पार्क में सजाए गए अमृत लाल नागर तख्त पर बंगाली गोप्पो का आयोजन किया गया। इसमें मुक्ता चटर्जी, दीपाली बनर्जी, मोनालिसा चौधरी और दिव्या भट्टाचार्य के साथ बंगाली गोल्पो ने लखनऊ में बांगालियों के बसने से यहां रचने तक के किस्से सुनाए।

सभी महिलाएं पारंपरिक लाल पार साड़ियों में महिलाओं ने बंगाली उलू गान व शंखनाद से गोप्पो की शुरुआत की। दिव्या ने कहा कि जहां भी बंगाली जाते हैं, अपने साथ थोड़ा बंगाल ले जाते हैं और वहीं घर बना लेते हैं जो वे तरसते हैं।मुक्ता ने बताया कि कहा कि हमारा परिवार 24 परगना से आया था, हम ह्यूट रोड पर रहते थे और सौभाग्य से बंगाली क्लब घर के पास ही था। मैंने करीब 50 साल से चंडी पाठ गाया है। दीपाली बनर्जी ने कहा कि सनतकदा का शुक्रिया कि उन्होंने हमें बंगाली गोल्पो का मंच दिया। मुझे याद भी नहीं कि आखिरी बार कब गोप्पो के लिए बैठी थीं।





बंगाली गोप्पो में किस्से सुनातीं मुक्ता चटर्जी, दीपाली बनर्जी, मोनालिसा चौधरी व दिव्या भट्टाचार्य और दूसरे कार्यक्रम में जानकारी देतीं महिलाएं। अमृत विचार

### फेस्टिवल में कोलकाता की कदम हाट

- बास्केट्री बर्न प्राइवेट लिमिटेड ने घास-बांस से बने हाथ के काम वाले सामान प्रस्तुत किये हैं। इसमें भोजन-पात्र से लेकर सजावटी टोकरियां तक शामिल हैं। ये पश्चिम बंगाल, कश्मीर, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के कारीगर समुदायों के साथ मिलकर बनाए गये हैं।

### पट्टचित्र की जीवंत प्रदर्शनी भी लगाई गई

- सनतकदा में हस्तशिल्प के कद्रदानों का हुजूम उमड़ा। देश के विभिन्न हिस्सों का हस्तशिल्प देखकर लोग झूम उठे। सुहाना ने यहां पट्टचित्र की जीवंत प्रदर्शनी की, जो पूर्वी भारत की चित्रकला परंपराओं में लोगों को खींच लाई। सुहाना पट्टचित्र रूपसोना चित्रकार की कला पहल है, जिन्होंने बचपन से ही पश्चिम बंगाल के कालिघाट चित्रकला की पारिवारिक विरासत को संभाला है। पट्टचित्र ओडिशा और पश्चिम बंगाल की प्राचीन कपड़े पर आधारित लोटा चित्रकला है, जिसे हिंदू पौराणिक कथाओं पर आधारित दृश्य और नाटकीय कथावाचन के रूप में पेश किया गया।

### विरासत समझने के लिए हुई वाक

- लखनऊ की बहुस्तरीय विरासत को करीब से महसूस कराने के लिए कई पैदल भ्रमण यात्राएं की गईं। डीप डाइव इंडिया द्वारा वॉर क्रॉनिकल्स – रेजिडेंसी वॉक ने 1857 के विद्रोह के दौरान ब्रिटिश रेजिडेंसी पर 148 दिनों की घेराबंदी को कहानियों और हिंदुस्तान के व्यापक सैन्य इतिहास से जोड़ा।

### उमराव जान कार टूर से की 19वीं सदी के अवध की पड़ताल

- ईशान शर्मा द्वारा संचालित उमराव जान कार टूर ने सिनेमा को ऐतिहासिक लेंस बनाकर 19वीं सदी के अवध की पड़ताल की। कैसर बाग, ब्रिटिश रेजिडेंसी, चौक और अमीनाबाद होते हुए ये दौरा तवायफों की सांस्कृतिक दुनिया, वाजिद अली शाह के दरबारी संरक्षण, 1857 के प्रभाव और लखनऊ की अर्थव्यवस्था व शिल्पों (चिकनकारी व इत्र बनाना सहित) के बदलाव पर केंद्रित रहा।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

- ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थियों ने सनतकदा उत्सव का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक वातावरण के बीच आधुनिक मीडिया कौशलों का प्रत्यक्ष एवं व्यवहारिक अनुभव प्राप्त किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को रील मेकिंग, फोटोग्राफी एवं डिजिटल कंटेंट क्रिएशन का हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों और अनुभवी कंटेंट क्रिएटर्स के मार्गदर्शन में छात्रों ने लाइव लोकेशन पर शूटिंग, फ्रेमिंग, स्टोरीटेलिंग, लाइटिंग तथा सोशल मीडिया के अनुकूल कंटेंट तैयार करने की तकनीकों को सीखा। इस अवसर विभाग की प्रभारी डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर वास्तविक मीडिया वातावरण से जोड़ते हैं।



फोटो खिंवाती छात्रा।

# वेटलैंड दिवस पर दौड़े, चित्र बनाए और खींची फोटो

## विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर अवध वन प्रभाग और जिला गंगा समिति ने किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर लोगों को आर्द्रभूमियों के संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए मैराथन, चित्रकला और फ़ोटोग्राफ़ी प्रतियोगिता और संवाद का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

अवध वन प्रभाग, लखनऊ और जिला गंगा समिति ने सोमवार को कुकरैल रिज़र्व फ़ॉरेस्ट में कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विशाख जी. ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विशेष अतिथि के रुप में विवेक अवस्थी रहे। उप प्रभागीय वनाधिकारी चन्दन चौधरी ने बताया कि आर्द्रभूमियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए 5 किलोमीटर की मैराथन सह प्लॉग रन रसूलपुर तिराहा से मौल श्री प्रेक्षागृह, कुकरैल तक कराई गई।

इसके बाद आर्द्रभूमियों पर संगोष्ठी में विशेषज्ञों और अधिकारियों ने आर्द्रभूमियों की पारिस्थितिक भूमिका, जल संरक्षण, जैव विविधता तथा शहरीकरण के बढ़ते दबावों पर चर्चा की गई। इस दौरान यह बताया गया कि आर्द्रभूमियां केवल जल स्रोत नहीं, बल्कि जलवायु संतुलन और पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं। कार्यक्रम में विभिन्न जागरूकता स्टॉल लगाए गए, जिनमें मेरी प्यारी गौरैया की ओर से पक्षी संरक्षण एवं बर्डहाउस, पृथ्वी इनोवेशन द्वारा पर्यावरण-अनुकूल सामग्री, एक पहल मुस्कुराहट की द्वारा जूट बैग्स तथा वन विभाग के स्टॉल के माध्यम से बच्चों को वन्यजीव रेस्क्यू उपकरणों और प्रक्रियाओं की जानकारी दी गई। प्रभागीय वनाधिकारी की ओर से धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।



हुलास खेड़ा में करेला झील की सफाई करते गोमती टास्क फोर्स, 137 कॉम्पोजिट इकोलॉजिकल टास्क फोर्स बटालियन, 39 गोरखा राइफल्स एवं पर्यावरण विज्ञान विभाग, बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के विद्यार्थी व अन्य। अमृत विचार

### पारिस्थितिकी तंत्र की किडनी है आर्द्रभूमियां : वेंकटेश दत्ता

- विश्व आर्द्रभूमि दिवस (वेटलैंड डे) पर सोमवार को गोमती टास्क फोर्स के साथ लोगों ने मोहनलालगंज के हुलास खेड़ा आर्द्रभूमि (करेला झील) की सफाई की। इस दौरान बीबीएयू के पर्यावरण विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. वेंकटेश दत्ता ने कहा कि आर्द्रभूमियां पारिस्थितिकी तंत्र की ''प्राकृतिक किडनी'' की तरह कार्य करती हैं। यह भूजल पुनर्भरण, बाढ़ नियंत्रण तथा जैव-विविधता संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इनका दीर्घकालिक संरक्षण बेहद जरूरी है। गोमती टास्क फोर्स के अधिकारी कमांडिंग मेजर कवंदरदीप सिंग नागी ने कहा कि हुलास खेड़ा जैसी आर्द्रभूमियों का संरक्षण गोमती नदी तंत्र के समग्र स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। प्रधान अभिषेक दीक्षित ने आर्द्रभूमि के संरक्षण एवं प्लास्टिक मुक्त बनाने का आश्वासन दिया। बिसलेरी के 'बॉटल्स फॉर चेंज' अभियान के प्रतिनिधि ने प्लास्टिक पुनर्चक्रण के महत्व पर प्रकाश डाला।

### साफ-सफाई करके शोधार्थियों ने लिए जल नमूने

- अभियान में बीबीएयू के प्राध्यापक, शोधार्थी एवं विद्यार्थी, गोमती टास्क फोर्स के जवान, ग्रामवासी के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भागीदारी की। आर्द्रभूमि में झील की सफाई करके शोधार्थियों ने जल नमूने एकत्र किए गए, जिनका वैज्ञानिक विश्लेषण किया जाएगा। साथ ही प्रतिभागियों ने पक्षी अवलोकन (बर्ड वॉचिंग) गतिविधि में भाग लिया और आर्द्रभूमि के पक्षी आवास के रूप में महत्व को रेखांकित किया गया।



वेटलैंड का भ्रमण करते छात्र।

### आज भी जागरूकता कार्यक्रम

- **अमृत विचार, लखनऊ :** वेटलैंड-डे के उपलक्ष्य में लखनऊ विकास प्राधिकरण मंगलवार को सीजी सिटी अर्बन वेटलैंड में जागरूकता कार्यक्रम कराएगा। यहां पर प्रकृति का नजारा देखने के लिए पर्यावरण प्रेमी के साथ बच्चों का जमावड़ा लगेगा। कार्यक्रम में बर्ड वॉचिंग, स्वच्छता अभियान, क्विज कॉन्टेस्ट, पेन्टिंग एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता समेत अन्य आयोजनों के माध्यम से बच्चों व युवाओं को प्रकृति से रूबरू कराया जाएगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण ने इकाना क्रिकेट स्टेडियम के पास सीजी सिटी में 37 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में वेटलैंड विकसित किया है। यह लखनऊ में ईको टूरिज्म का केंद्र है।

### स्वामी गोविन्द देव गिरि का जन्मदिवस मनाया

अमृत विचार, लखनऊः शास्त्री नगर के दुर्गाजी मंदिर स्थित कल्याणकारी आश्रम में सोमवार को गीता परिवार की ओर से स्वामी गोविंद देव गिरि का 77वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान स्वामी जी ने कहा किअपने कर्म उत्तम रीति से करने वाला ही भगवद् कृपा का अधिकारी होता है। भगवद्भक्ति सर्वोपरि है और यही समस्त वेदों का निष्कर्ष है। राजेंद्र गोयल, ताराचंद्र अग्रवाल, डॉ. आशु गोयल, अनुपम मित्तल, रजनीश अरोड़ा, आशीष, प्रदीप कुमार, पंकज अग्रवाल, अरविंद शर्मा, अनुराग पांडेय, अनुपम मित्तल, श्याम बिहारी शुक्ला, रमेश पांडेय मौजूद रहे।

### 20 बटुकों का हुआ उपनयन संस्कार

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्री शौनक आर्ष विद्या न्यास प्रन्यास वेदांत सत्संग आश्रम के 25वें स्थापना दिवस पर सोमवार को अयोध्या मार्ग वेदांतपुरम स्थित आश्रम परिसर में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसमें स्वामी अभयानंद संस्कृत विद्यालय में अध्ययनरत 20 बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार भी कराया गया। इस अवसर पर श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के महामंडलेश्वर और अखिल भारतीय संत समाज के प्रदेश अध्यक्ष स्वामी अभयानंद सरस्वती की पुस्तक 'योग दर्शन-समाधि पाद' का विमोचन भी किया गया। महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद सरस्वती, स्वामी ओंकारानंद सरस्वती, स्वामी विद्यानंद सरस्वती, स्वामी दिव्य चैतन्य, स्वामी रामानंद सरस्वती, अमृत चैतन्य और सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



उपनयन संस्कार की रस्में पूरी करते बटुक साथ में परिजन और अन्य।

## सिटी डायरी

### राजकीय नर्सेज संघ ने मांगी तैनाती और पदोन्नति

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय नर्सेज संघ उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के एसीएस अमित कुमार घोष से कार्यालय में मुलाकात की। बैठक में विशेष सचिव करुणेश कुमार सिंह, निदेशक नर्सिंग सीमा श्रीवास्तव और संयुक्त निदेशक नर्सिंग डॉ. आलोक कुमार श्रीवास्तव भी मौजूद रहे। संघ की अध्यक्ष शर्ली भंडारी, महामंत्री अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष गीतांशु वर्मा, उपाध्यक्ष सत्येंद्र कुमार और पवन कुमार मिश्रा ने बैठक में संघ की लंबित मांगों पर चर्चा की। महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि बैठक में नर्सेज की गृह जनपद में तैनाती, रिक्त पदों पर पदोन्नति, अस्पतालों में पालनाघर की व्यवस्था, पोस्ट बेसिक नर्सिंग पाठ्यक्रम की भांति एमएससी नर्सिंग के लिए दो वर्षीय सवैतनिक अवकाश समेत कई मांगें की।



एसीएस अमित कुमार घोष से मुलाकात करते हुए राजकीय नर्सेज संघ के पदाधिकारी।




प्रदर्शन करती हुईं एएनएम।

### संविदा एएनएम ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत बड़ी संख्या में संविदा एएनएम ने मंगलवार को परिवर्तन चौक से स्वास्थ्य भवन तक जुलूस निकालकर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने स्थायीकरण, वेतन और मानदेय में बढ़ोतरी की मांग की। स्वास्थ्य भवन के गेट पर उप्र. एनएचएम एएनएम कर्मचारी यूनियन की कार्यवाहक अध्यक्ष रूबीना ने कहा कि एएनएम केवल मातृ शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और परिवार कल्याण योजनाओं का आधार नहीं हैं, बल्कि कोरोना महामारी और अन्य संक्रामक रोगों के रोकथाम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रही हैं। यूनियन की ओर से पूजा यादव ने विचार रखे। राज्य संगठन सचिव कमला गौतम उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में शामिल नर्सिंग विद्यार्थी और चिकित्सक।

### बीएससी नर्सिंग 16वें बैच ने ली शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसजीपीजीआई के कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने सोमवार को 17वां स्थापना दिवस और बीएससी नर्सिंग 2025-26 बैच का 16वां दीप प्रज्ज्वलन एवं शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया। कुल 64 छात्र-छात्राओं ने पारंपरिक शपथ ली। शुरुआत प्रोफेसर डॉ. अंजू वर्मा ने की, जबकि प्रिंसिपल डॉ. राधा के. ने नर्सिंग महाविद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। ई-न्यूजलेटर रिदम-आइवी का विमोचन प्रो. शालीन कुमार, डॉ. अशोक कुमार बिश्नोई, कर्नल वरुण बाजपेयी ने किया। राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर पर सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं में सफल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।




राष्ट्रीय मांग दिवस पर प्रदर्शन करते नार्दन रेववे मेंस यूनियन्स के सदस्य।

### राष्ट्रीय मांग दिवस पर प्रदर्शन किया

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय मांग दिवस पर नार्दन रेववे मेंस यूनियन्स लखनऊ मंडल की ओर से हजरतगंज स्थित डीआरएम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में यूनियन के पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। उन्होंने लंबित मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने जल्द से जल्द लंबित मांगें पूरी करने की मांग भी की।

**व्यापारी संगठन** पूर्व विधायक सुरेश तिवारी ने व्यापारियों को बताया समाज की आर्थिक रीढ़

# आलमबाग चन्दरनगर व्यापार मंडल की नई टीम ने ली शपथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आलमबाग की बड़ी इकाई चन्दरनगर व्यापार मण्डल की नई इकाई को सोमवार को लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने नवगठित टीम को संगठन की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद पूर्व विधायक सुरेश तिवारी ने कहा कि व्यापार मंडल केवल व्यापारियों का संगठन नहीं, बल्कि समाज की आर्थिक रीढ़ को मजबूत करने वाला सशक्त मंच है। विशिष्ट अतिथि लखनऊ व्यापार मण्डल के चेयरमैन अनिल वरमानी ने भी विचार रखे। राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने कहा कि पदाधिकारी व्यापार मंडल को सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ें। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने चंदरनगर की नवगठित टीम की विशाल इकाई को सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से बधाई दी।



वरिष्ठ पदाधिकारियों और अतिथियों के साथ आलमबाग की बड़ी इकाई चन्दरनगर व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

### इन पदाधिकारियों ने ली शपथ

- अध्यक्ष सोमेश मिश्र, वरिष्ठ महामंत्री मोहन खत्री, कोषाध्यक्ष विनोद भाटिया, महामंत्री अभिषेक सडाना, सर्वजीत सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जुगुल किशोर भवनानी, अफाक खान, सुनील मालानी, उपाध्यक्ष गगन ग्रोवर, महेन्दर कन्याल, अनिल अग्रवाल, जयराम खत्री, रजनीश द्विवेदी, कुलदीप बाजपेयी, हफीज अहमद, संगठन मंत्री सरदार जसवीर सिंह, सतीश अरोड़ा, सुशील अरोड़ा, विधि मंत्री गुलशन मोहला, प्रचार मंत्री मोहम्मद कासिम खान, सचिव अंकुज चौधरी, सुरेन्द्र कुमार लोधी, परितोष सोनकर, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद इरशाद, कपिल खत्री, अरमीत सिंह, मोहम्मद साजिद, बालकृष्ण कालारा, राकेश वर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र सिंह हुड्डा, लीलाधर, निर्मल कुमार, सुनील चावला, अनिल अरोड़ा, योगेश महाजन, दीपक पाण्डेय, राकेश केसरवानी एवं नदीम सलमानी ने शपथ ली।

### शिवम चेयरमैन, रोहित सिंह बने अध्यक्ष

- उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल जी-20 अवध शिल्प ग्राम चौराहा मार्केट इकाई का गठन किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापार मंडल की स्थानीय इकाई का गठन किया। शिवम पटेल को चेयरमैन, रोहित सिंह राठौर को अध्यक्ष बनाया गया। महेंद्र प्रताप सिंह को वरिष्ठ महामंत्री, संजीव सिंह को महामंत्री, विशाल को कोषाध्यक्ष, रोहित कनौजिया को वरिष्ठ संगठन मंत्री, प्रेम कुमार गुर्जर को संगठन मंत्री, आदित्य कुमार ,विकास कुमार एवं विष्णु कुमार को उपाध्यक्ष, राजपाल को मीडिया प्रभारी, अभिषेक कुमार को प्रभारी ,जे पी यादव को संरक्षक अंकित मिश्रा को संरक्षक, बृजेश तिवारी को मुख्य संरक्षक तथा कार्यकारिणी समिति के सदस्य के पद पर गोलू कश्यप, मुजफ्फर अली, निसार खान, अशफाक कुरैशी, पुत्तन ,खुर्शीद, मनीष ,गोलू, संजय कुमार को चुना गया।

## सिटी ब्रीफ

### फ्यूचरिस्टिक स्टार्टअप इनोवेशन फोरम का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में नवाचार एवं उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से फ्यूचरिस्टिक आइडियाज़ एंड स्टार्टअप इनोवेशन फोरम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों के भविष्यपरक एवं नवोन्मेषी विचारों की पहचान कर उन्हें स्टार्टअप के रूप में विकसित करने हेतु मार्गदर्शन, मेंटरशिप और इनक्यूबेशन सहयोग प्रदान करना रहा। फोरम के अंतर्गत स्टार्टअप इकोसिस्टम की समझ, वर्तमान स्टार्टअप परिदृश्य, चरणबद्ध हैंडहोल्डिंग मॉडल तथा विद्यार्थियों के विचारों के विकास एवं प्रस्तुतीकरण पर विस्तार से चर्चा की गई।

### आंतरिक पत्राचार में लेटरहेड पर रोक

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में आंतरिक पत्राचार में लेटरहेड के उपयोग पर रोक लगा दी गई है। आदेश में कहा गया है कि यह देखा जा रहा है कि प्रशासनिक अधिकारी, संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं कार्यालयाध्यक्ष विश्वविद्यालय के आंतरिक पत्राचार हेतु लेटरहेड का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे अनावश्यक आर्थिक व्यय हो रहा है। कुलपति के आदेश के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है कि विश्वविद्यालय का समस्त आंतरिक पत्राचार अब सादे कागज पर केवल कार्यालय टिप्पणी के माध्यम से किया जाएगा।

### लविवि में रंग ए अल्फाज का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में मेधावी छात्र परिषद द्वारा कविता प्रतियोगिता रंग-ए- अल्फ़ाज़ का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय 'अंदाज़-ए लखनऊ' व 'तिरंगा' रखा गया था। प्रतिभागियों ने दोनों विषय पर अपने विचार रखते हुए लखनऊ की तहज़ीब, नज़ाकत व नफ़ासत के साथ देशभक्ति के रंगों से इसे सराबोर किया। निर्णायक की भूमिका प्रो. ओएन उपाध्याय, प्रो. आरपी सिंह व डॉ. अन्विता वर्मा ने निभाई। कार्यक्रम का क्रियान्वयन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीके शर्मा और उनकी टीम के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष श्रेया वर्मा ने किया।

### खंड शिक्षा अधिकारी को लेकर शिक्षकों में असंतोष

**अमृत विचार, माल :** खंड शिक्षा अधिकारी के पटल सहायक लगातार विगत कई माह कार्यालय न आने से शिक्षकों में असंतोष व्याप्त है। आरोप है कि विकास खंड के बीओ कार्यालय में तैनात पटल आगमन शुक्ला व इसी पद पर तैनात अरुण मैकलीन पिछले तीन माह से कार्यालय नही आये है। शिक्षकों ने बताया कि हम लोगो का चयन वेतनमान, सर्विस बुक अपडेट सहित रूटीन विभागीय कार्य नही हो पा रहे है। कई बार खंड शिक्षा अधिकारी को अवगत करा चुके है पर कोई हल नही निकल पाया है।

### सीएमएस में सम्पन्न हुई शिक्षक भर्ती परीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल ने भविष्य के लिए तैयार शिक्षकों के चयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए पहली बार पूर्णत: कम्प्यूटर आधारित शिक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की। इच्छुक शिक्षकों से प्राप्त 1,466 आवेदनों की छंटनी के उपरान्त लगभग 400 चयनित अभ्यर्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया। यह परीक्षा सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम, गोमती नगर प्रथम, गोमती नगर एक्सटेंशन, कानपुर रोड, महानगर, राजाजीपुरम प्रथम, राजेन्द्र नगर प्रथम एवं स्टेशन रोड कैम्पस की कम्प्यूटर लैब्स में दो पालियों में सम्पन्न हुई। यह जानकारी सीएमएस के हेड, कम्युनिकेशन्स ऋषि खन्ना ने दी है।

### अब 4 तक होंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी बोर्ड की प्रयोगात्मक परीक्षाएं जो 1 फरवरी तक सम्पन्न होनी थी, उनकी तिथि को विस्तारित कर अब 4 फरवरी कर दिया गया है। वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षाएं प्रथम चरण में 24 जनवरी, से 1 फरवरी तक आयोजित की गई थी। लेकिन कुछ विद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं पूरी नहीं हो पाने के कारण अब इसकी समय सीमा में विस्तार किया गया है।

# हरियाणा को रौंद यूपी करम ने किया जीत से आगाज

## 36वां करम अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक (अंडर-14) प्राइजमनी हॉकी प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उद्घाटन मुकाबले में हरियाणा को 10-0 से दी करारी शिकस्त



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता का उद्घाटन करते मुख्य अतिथि पूर्व ओलंपियन स्वर्ण पदक विजेता मार्विन फर्नांडिस। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रांजल पाल, अंशु पाल और देवांश चौरसिया के शानदार प्रदर्शन के दम पर पिछली बार की उपविजेता मेजबान यूपी करम ने 36वें करम अखिल भारतीय केडी सिंह बाबू सब जूनियर बालक (अंडर-14) प्राइजमनी हॉकी टूर्नामेंट में धमाकेदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। उद्घाटन मुकाबले में यूपी करम ने मेजर ध्यानचंद हरियाणा को एकतरफा मुकाबले में 10-0 से करारी शिकस्त दी।

केडी सिंह बाबू सोसाइटी की देखरेख में सोमवार से शुरू हुए इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व ओलंपियन और मॉस्को ओलंपिक 1980 के स्वर्ण पदक विजेता मार्विन फर्नांडिस ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पुराने खिलाड़ियों से मिलकर उनकी यादें ताज़ा हो गईं। साथ ही उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों के दमदार खेल और अनुशासन की सराहना की। उद्घाटन समारोह में केडी सिंह बाबू सोसाइटी के अध्यक्ष आईएएस अमित घोष, पूर्व ओलंपियन सैयद अली, सुजीत कुमार तथा केडी सिंह बाबू के पुत्र कुंवर धीरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले केडी सिंह बाबू के जन्मदिवस के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए।

**खेला गया मुकाबला:** मैच की शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया। पहले क्वार्टर में मुकाबला काफी हद तक बराबरी का रहा, लेकिन पहले ही मिनट में अंशु पाल ने गोल दागकर यूपी करम को बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में मिले पेनाल्टी कार्नर को प्रांजल पाल ने सफलतापूर्वक गोल में बदलते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। इसके बाद यूपी करम का आत्मविश्वास लगातार बढ़ता गया।

हरियाणा ने वापसी के लिए भरपूर प्रयास किए, लेकिन यूपी करम की मजबूत डिफेंस के सामने उनके सभी प्रयास नाकाम रहे। तीसरे और चौथे क्वार्टर में यूपी करम ने चार-चार गोल दागते हुए मुकाबले को पूरी तरह एकतरफा बना दिया और 10-0 से बड़ी जीत दर्ज की। विजेता टीम की ओर से अंशु पाल, प्रांजल पाल और देवांश चौरसिया ने दो-दो गोल किए, जबकि सनी कुशवाहा, कप्तान मो. रियाज, क्रिश सिंह और पृथ्वी राज चौहान ने एक-एक गोल दागा। अन्य लीग मुकाबलों में होली वर्ल्ड पंजाब ने जय हॉकी अकादमी तमिलनाडु को 5-2 से हराया, जबकि खिताब की रक्षा करने उतरी नवल टाटा ओडिशा ने हॉकी त्रिपुरा को 10-0 के अंतर से पराजित किया।

## यूपी स्टेट रैपिड और ब्लिट्ज़ शतरंज चैंपियनशिप चार से

**अमृत विचार, लखनऊ:** शतरंज प्रेमियों के लिए लखनऊ एक बार फिर खास होने जा रहा है। चौक स्टेडियम स्थित लालजी टंडन बहुउद्देशीय हॉल में आगामी चार और पांच फरवरी को यूपी स्टेट रैपिड और ब्लिट्ज़ शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से शतरंज के दिग्गज खिलाड़ी अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। चैंपियनशिप का आयोजन यूपी चेस स्पोर्ट्स एसोसिएशन और लखनऊ चेस एसोसिएशन के संयुक्त देखरेख में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर खेलने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में शीर्ष दो स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय रैपिड और ब्लिट्ज़ शतरंज चैंपियनशिप में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## मोबाइल की लत छुड़ाने के लिए कार्यशाला आज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** स्क्रीन से पन्नों की ओर लौटने और छात्रों की मोबाइल की लत छुड़ाने के लिए आज 10 बजे से राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया है।



इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव माध्यमिक व बेसिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन पार्थ सारथी सेन शर्मा अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। सुप्रसिद्ध कवि, संगीत-समीक्षक एवं सांस्कृतिक चिंतक यतीन्द्र मिश्र अपने साहित्यिक अनुभव साझा करेंगे। साथ ही चंद्रशेखर वर्मा, चर्चित कथाकार एवं साहित्यिक संवादों के कुशल सूत्रधार, लेखक और पाठक के बीच जीवंत संवाद स्थापित करेंगे।

मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि द्वितीय सत्र में कला उत्सव के विजेता प्रतिभागियों की प्रस्तुतियां होंगी, जो विद्यार्थियों की रचनात्मक अभिव्यक्ति का सजीव प्रमाण होंगी। इस सत्र में किस्सागोई और कथावाचन की जीवंत परंपरा के संवाहक हैं और इस क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले हिमांशु बाजपेई अपनी कथन-शैली और संवाद कौशल से श्रोताओं को साहित्य की मौखिक परंपरा से जोड़ेंगे।

## व्याख्यान से हुई नए सत्र की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में नॉर्वे के साहित्यकार डॉ. सुरेश चंद्र शुक्ल 'शरद आलोक' के व्याख्यान के साथ भारतीय भाषा विभाग में नए सत्र की शैक्षणिक गतिविधियों की शुरुआत हुई। इस अवसर पर शैक्षणिक सहयोग और अकादमिक गतिविधियों को मिलकर आगे बढ़ाने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में हिन्दी विभागाध्यक्ष प्रो. यशवंत वीरोदय ने मुख्य अतिथि का परिचय कराते हुए विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विश्वविद्यालय में स्थापित ब्रेल पुस्तकालय की जानकारी देते हुए कहा कि यह दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक संसाधन है।

स्वामी विवेकानंद केंद्रीय पुस्तकालय में आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय व्याख्यान में मुख्य अतिथि एवं भारतीय नॉर्वेजियन सूचना एवं सांस्कृतिक फोरम के अध्यक्ष डॉ. सुरेश चंद्र शुक्ल 'शरद आलोक' ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थियों के साथ-साथ सामान्य विद्यार्थियों को भी ब्रेल लिपि और सांकेतिक भाषा सीखनी चाहिए, ताकि समावेशी शिक्षा को बढ़ावा मिल सके। उन्होंने इसे सामाजिक संवेदनशीलता और समान अवसर की दिशा में एक आवश्यक कदम बताया।

### लविवि में आगाज कार्यक्रम का हुआ समापन

**अमृत विचार , लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 'आगाज' का समापन हो गया। प्रतियोगिता का आयोजन एथलीट एसोसिएशन, लखनऊ विश्वविद्यालय के विशेष सहयोग और मार्गदर्शन में किया गया। बैडमिंटन स्पर्धा के पुरुष एकल में सिटी लॉ के अभिनव ने एमिटी के ध्रुव को पराजित कर खिताब जीता, जबकि महिला एकल में प्रीति पाल ने अलीशा मोर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरुष युगल मुकाबले में अभिनव यादव और रवींद्र की जोड़ी ने मोहम्मद सादिक की जोड़ी को मात देकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं महिला युगल में शांभवी सिंह और प्रीति पाल की जोड़ी ने शांभवी पांडेय और तनुश्री की जोड़ी को पराजित किया।

## गणित प्रतियोगिता में अधिक छात्रों की भागीदारी के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा ने प्रदेश के समस्त जिला विद्यालय निरीक्षकों और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आर्यभट्ट टैलेंट सर्च टेस्ट इन मैथमेटिक्स एंड साइंस प्रतियोगिता परीक्षा में अधिक से अधिक छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यह प्रतियोगिता इंडियन मैथमेटिकल सोसायटी द्वारा आयोजित की जा रही है। द इंडियन मैथमेटिक्स एंड साइंस एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय कुमार ने बताया कि यह प्रतियोगिता कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों के साथ-साथ स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों के लिए अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित की जा रही है।

उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता परीक्षा में भाग लेने के लिए छात्रों से किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जा रहा है। इच्छुक छात्र 10 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रतियोगिता परीक्षा दो स्तरों में आयोजित की जाएगी। प्रथम स्तर में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे, जबकि द्वितीय स्तर में दीर्घ उत्तरीय प्रश्नों के माध्यम से छात्रों की विषय समझ का मूल्यांकन किया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. केसी सिंहा ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में गणित और विज्ञान को लोकप्रिय बनाना, उनमें रुचि विकसित करना तथा चयनित छात्रों को पुरस्कृत कर आगे के लिए प्रशिक्षण प्रदान करना है।

## 18 स्वर्ण पदक जीत यूपी चैंपियन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तृतीय नेशनल कोबुडो मार्शल आर्ट चैंपियनशिप

**अमृत विचार :** मेजबान उत्तर प्रदेश ने तृतीय नेशनल कोबुडो मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने 18 स्वर्ण पदक सहित कुल 68 पदक जीतकर अपना दबदबा कायम रखा।

विनय खंड स्थित एसएनआई सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस में रविवार को आयोजित इस राष्ट्रीय चैंपियनशिप में राजस्थान की टीम उपविजेता रही, जबकि आसाम की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। राजस्थान की टीम ने कुल 44 पदक (9 स्वर्ण, 15 रजत, 20 कांस्य) जीते, जबकि आसाम की टीम ने 24 पदक (6 स्वर्ण, 8 रजत, 10 कांस्य) के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया।

कोबुडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफ इंडिया के देखरेख में कोबुडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश की ओर से यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि इंजीनियर योगेश कुमार, निदेशक कामर्शियल, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने विजेता खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन की सराहना की।

## लखनऊ जिला टेबल टेनिस संघ के सचिव बने अरुण बनर्जी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अरुण बनर्जी

**अमृत विचार :** लखनऊ जिला टेबल टेनिस संघ की वार्षिक आम सभा (एजीएम) में अरुण कुमार बनर्जी को सर्वसम्मति से संघ का सचिव निर्वाचित किया गया। यह बैठक शिवाजी मार्ग स्थित बंगाली क्लब एवं युवक समिति कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें संघ की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। फिलहाल संघ का अध्यक्ष पद रिक्त रहेगा। चुनाव राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम-25 के प्रावधानों के अनुरूप संपन्न कराए गए।

नव निर्वाचित सचिव अरुण कुमार बनर्जी ने अपने संबोधन में इंटर-ऑफिस, नॉन-मेडलिस्ट खिलाड़ियों के साथ-साथ इंटर-स्कूल टेबल टेनिस प्रतियोगिताओं के आयोजन की घोषणा की। बैठक के दौरान उन्होंने पीके जैन (पूर्व कोषाध्यक्ष) को एसोसिएट चेयरमैन तथा एनके लाहिड़ी (पूर्व सचिव) को डायरेक्टर (ऑर्गनाइजेशन) के रूप में नामित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे आम सभा ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया। ये दोनों पद निर्वाचित नहीं हैं, बल्कि आम सभा की ओर से नामित किए गए हैं।

**आयोजन** | बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान में आयोजित हुआ कार्यक्रम

## पृथ्वी के चुंबकीय गुण से पक्षियों को मिलती दिशा की जानकारी



कार्यशाला का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ करते अतिथि। अमृत विचार

### मिट्टी का चुंबकीय तत्व जलवायु और प्रदूषण भी बताता है

- पंजाब विवि के एमरिटस प्रोफेसर प्रो. अशोक सहनी ने बताया कि 1980 के दशक से पहले दक्कन इंटरट्रैपियन शैलक्रमों को इओसीन काल का माना जाता था, लेकिन बाद में इन निक्षेपों से डायनासोर की अस्थियां, अंडों के खोल और दांत मिलने पर इन्हें क्रेटेशस काल का माना गया। उन्होंने कहा कि पर्यावरणीय चुंबकत्व का उपयोग मिट्टी बनने की प्रक्रिया, धूल के स्रोतों की पहचान और प्रदूषण की निगरानी में भी किया जाता है।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भूविज्ञान और पृथ्वी विज्ञान के छात्रों व शोधकर्ताओं को रॉक मैग्नेटिज़्म से जुड़ी आधुनिक तकनीकों और उनके उपयोग की जानकारी देने के उद्देश्य से बीरबल साहनी पुराविज्ञान संस्थान में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों ने मिट्टी और शैलों में मौजूद चुंबकीय गुणों के अध्ययन से पृथ्वी के प्राचीन चुंबकीय क्षेत्र, जलवायु परिवर्तन, भूगर्भीय प्रक्रियाओं और पर्यावरणीय बदलावों को समझने पर विस्तृत चर्चा की। संस्थान के निदेशक प्रो. एमजी ठक्कर ने कहा कि पक्षी बिना दिशा के उड़ान नहीं भरते, बल्कि वे पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र का उपयोग कर दिशा-निर्धारण करते हैं, जिसे 'मैग्नेटोरिसेप्शन' कहा जाता है।

कार्यशाला में डॉ. बिनिता फर्तियाल ने बताया कि बीएसआईपी की पुराचुंबकत्व प्रयोगशाला अब एक प्रमुख राष्ट्रीय सुविधा के रूप में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पहली बार इस प्रयोगशाला द्वारा रॉक मैग्नेटिज़्म पर क्षमता-निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई है। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों को रॉक मैग्नेटिज़्म की बुनियादी जानकारी देना है, जिसमें क्षेत्र से नमूने एकत्र करना, प्रयोगशाला में उनकी तैयारी तथा आधुनिक विश्लेषण तकनीकों का प्रशिक्षण शामिल है। वैज्ञानिक डॉ. मोहम्मद आरिफ ने बताया कि रॉक मैग्नेटिज़्म का उपयोग पुराचुंबकत्व, भूस्तरीय दिनांकन, प्लेट विवर्तनिकी और पुराजलवायु अध्ययन में किया जाता है।

## सिटी डायरी



सांस्कृतिक प्रस्तुति देती सीएमएस छात्रा।

### सीएमएस में 'धार्मिक सद्भावना सप्ताह' का शुभारम्भ

**अमृत विचार , लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजाजीपुरम द्वितीय कैम्पस के तत्वावधान में 'धार्मिक सद्भावना सप्ताह' का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर विभिन्न धर्मावलम्बियों की उपस्थिति रही। हिन्दू धर्म से बीके राजयोगिनी राधा बहन एवं प्रभु अपरिमय श्यामदास, सिख धर्म से सरदार हरपाल सिंह जग्गी, इस्लाम धर्म से मौलाना यासूब अब्बास साहब, मौलाना सूफ़यान निजामी एवं मौलाना डा. कल्बे सिब्तेन नूरी, ईसाई धर्म से फादर लारेन्स नोरोन्हा, जैन धर्म से शैलेन्द्र जैन, बौद्ध धर्म से भिक्षु ज्ञानलोक एवं भंते दीपांकर एवं बहाई धर्म से अचिन्त्य रूपानी दासी एवं शिप्रा उपाध्याय ने धार्मिक एकता, सामुदायिक एकता एवं सामाजिक सौहार्द की पुरजोर अपील की। छात्रों ने गीत-संगीत, भजन, लघु-नाटिका की प्रस्तुतियों से समाज में शान्ति, सद्भाव व सौहार्द का संदेश दिया।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि।

### साइबर सिक्योरिटी व डिजिटल फोरेंसिक कोर्स शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ़ फॉरेंसिक साइंस में साप्ताहिक कोर्स साइबर सिक्योरिटी एन्ड डिजीटल फोरेंसिक कोर्स का शुभारम्भ किया गया। जिसके मुख्य अतिथि महानिदेशक कारागार पीसी मीना थे। जिन्हें यूपीएसआईएफएस के संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने मंच पर स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम् प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर संस्थापक निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी ने संस्थान में चल रहे कोर्स के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में महानिरीक्षक राजीव मल्होत्रा ने सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारियों का अभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी संतोष तिवारी ने किया।



नगर विकास मंत्री के आवास के बाहर मौजूद डेंटल डॉक्टर।

### डेंटल क्लीनिकों पर डबल टैक्सेशन का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर के डेंटल डॉक्टर ट्रेड टैक्स लाइसेंस के विरोध में आ गए हैं। डेंटल डॉक्टरों ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री ने नगर आयुक्त को निर्देश दिया कि डेंटिस्ट की क्लीनिक की सीलिंग की कार्रवाई न की जाए। आईडीए लखनऊ की सब कमेटी के चेयरमैन डॉ. अमय त्रिपाठी ने नगर विकास मंत्री एके शर्मा के नोडल अफसर को प्रार्थना पत्र सौंपा, लेकिन मंत्री अचानक दिल्ली चले जाने के कारण प्रतिनिधिमंडल खाली हाथ लौट गया।



काउंसलिंग कार्यक्रम में प्रतिभाग करतीं छात्राएं।

### बताया मानसिक स्वास्थ्य का महत्व

**अमृत विचार , लखनऊ :** एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में छात्राओं की काउंसलिंग की गई। कार्यक्रम के आरम्भ में प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव ने छात्राओं के समक्ष वर्तमान मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी विचार प्रस्तुत किया। उसके बाद डॉ. ऋचा मुक्ता ने छात्राओं को उनके करियर और व्यक्तिगत जीवन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि काउंसलिंग से अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए मार्गदर्शन प्राप्त कर सकती हैं।